# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**कक्षा 09 (सत्र 2025–27) के लिए नियमित एवं स्वतंत्र रुप से पंजीकृत होने वाले छात्र/छात्राओं के पंजीयन एवं विशेष परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या – 36/2026**

एतद् द्वारा संबंधित सभी परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि नवम् कक्षा की वार्षिक परीक्षा, 2026 में अनुत्तीर्ण तथा सम्मिलित होने से वंचित छात्र/छात्राओं के लिए नवम् कक्षा की विशेष परीक्षा, 2026 का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन प्रपत्र भरने से छूटे हुए छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन भराया जायेगा। उक्त परीक्षा हेतु पंजीयन प्रपत्र एवं परीक्षा प्रपत्र को नीचे वर्णित शर्त्तों के अनुरुप लिया जाएगा।

ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र एवं बैंक में शुल्क संबंधी चालान जमा करने की तिथि का निर्धारण निम्नवत् है :–

| शुल्क विवरणी | ऑनलाइन प्रपत्र भरने एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास Online submit करने की तिथि | जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र approve करने की तिथि | चालान जेनरेट करने की अंतिम तिथि | ऑनलाइन या RTGS/NEFT के माध्यम से शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 29.05.2026 से 10.06.2026 तक | 30.05.2026 से 10.06.2026 तक | 10.06.2026 | 12.06.2026 |
| विलम्ब शुल्क सहित | 11.06.2026 से 16.06.2026 तक | 11.06.2026 से 16.06.2026 तक | 16.06.2026 | 18.06.2026 |

**नोट** :– दिनांक 10.06.2026 के बाद जेनरेट होनेवाले सभी चालान विलम्ब शुल्क के साथ जेनरेट होंगे। ऊपर निर्धारित तिथि के पश्चात् फॉर्म भरने से संबंधित कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन पंजीयन परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के Exam form portal section के माध्यम से विद्यालय द्वारा किया जाएगा। पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दिशा–निर्देश एवं शुल्क विवरणी वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जिसके अनुरुप विद्यालय प्रधान आवेदन प्रपत्र भरेंगे। पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र विद्यालय द्वारा संधारित List of Student (LoS) प्रपत्र के अनुसार ही भरा जायेगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की स्थिति में इसके लिए विद्यालय प्रधान एवं नोडल पदाधिकारी जिम्मेवार माने जायेंगे।

- ❖ **वर्ग नवम् की परीक्षा OMR sheet के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रश्न बहुवैकल्पिकीय (MCQ) प्रकृति के होंगे।**
- ❖ **दिनांक 01.03.2013 के बाद की जन्मतिथि वाले छात्र/छात्राओं का पंजीयन रद्द कर दिया जायेगा जिसकी जिम्मेवारी छात्र/छात्रा एवं प्रधानाध्यापकों की होगी।**

**जिन छात्र/छात्राओं के पंजीयन की अवधि अधिकतम तीन वर्ष समाप्त हो चुकी हो, अर्थात् जिनका पंजीयन वर्ष 2021 (सत्र 2021–23) या उससे पूर्व हो, उन्हें नये रुप से पुनः पंजीयन (Fresh registration) कराना अनिवार्य होगा तथा कक्षा 09 की विशेष परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होना आवश्यक होगा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात् ही ऐसे छात्र/छात्रा माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए पात्र होंगे।**

अध्यक्ष के आदेश से,

JAC/CON/484/26-Secy/439/26
Dt. – 26.05.2026

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।